Bareilly, Tuesday, 28 October 2025
BAREILLY EDITION

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 05 TOP

# टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

bareilly@inext.co.in



**BAREILLY (27 Oct):** महिलाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने व क्रिकेट के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से पहली बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा. यह टूर्नामेंट 28 अक्टूबर मंगलवार से 31 अक्टूबर तक एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. टूर्नामेंट में दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी व एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीमें भाग लेंगी. ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मंगलवार सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और दिल्ली वुमन्स टीम के बीच खेला जाएगा. प्रत्येक दिन दो मैच होंगे. अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों के बीच 31 अक्टूबर को सुबह नौ बजे फाइनल मुकाबला होगा.